**भारत सरकार**

**शिक्षा मंत्रालय**

**उच्चतर शिक्षा विभाग**

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3076**

**उत्तर देने की तारीख: 15.3.2021**

**भारतीय भाषा विश्वविद्यालय**

**† 3076. सुश्री सुनीता दुग्गल:**

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** भारतीय भाषा विश्वविद्यालय खोलने का क्या उद्देश्य है;
**(ख)** भारतीय भाषा विश्वविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रमों की सूची क्या है और इसमें प्रवेश लेने संबंधी पात्रता मानदंड क्या हैं; और
(ग) हरियाणा में भारतीय भाषा विश्वविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्री**

**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

**(क)** और (ख) भारतीय भाषा विश्वविद्यालय का उद्देश्य शिक्षण और अनुसंधान के माध्यम से भारतीय भाषाओं का प्रचार और विकास करना है ताकि यह भारतीय भाषाओं में उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए एक राष्ट्रीय मॉडल के रूप में कार्य कर सके। भारतीय भाषा विश्वविद्यालय की रुपरेखा तैयार करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है।

**(ग) जी नहीं।**